nt>

Title: Need to check smuggling activities on Indo-Nepal border- Laid.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी): भारतर्वा के उत्तरी सीमान्त के जो भाग नेपाल से लगते हैं उन स्थानों पर राट्र विरोधी तत्वों द्वारा बड़े पैमाने पर तस्करी संचालित की जा रही है तथा फर्जी मुद्रा 500 रूपए के नोट अवैध शस्त्रास्त्र, इलैक्ट्रानिक्स के सामान तथा अन्य आवंछित पद्धार्थ जनपद खीरी के तिकुनिया बार्डर से बेरोकटोक भारतर्वा की सीमा में लाए जा रहे हैं तथा माल दिल्ली पहुंचाया जा रहा है। इस संबंध में निरन्तर सामाचार पत्रों में खबरें छप रही हैं। तसकरों में आपस में खूनी संर्घा होने की सूचनाएं भी समाचार पत्रों में छपी हैं, यह प्रकरण संसद में इसके पूर्व भी उठाया जा चुका है जिस पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई। इसके अलावा क्षेत्र में कई वारदातें तस्करों द्वारा अंजाम दी गई हैं जिससे क्षेत्र में दशहत है। अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पूरे क्षेत्र में अंतराट्रीय तस्करों, आई.एस.आई. के एजेंटों की बढ़ती हुई ताकत को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं तथा क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करें।